RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 246
हिसार | सोमवार, 4 दिसम्बर , 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए |पृष्ठ ६

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ

## गुणवत्ता परक कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार कई देशों के साथ मिलकर कर रही काम : मुख्यमंत्री मनोहर लाल







हकृवि में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करते तथा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल। तथा विभिन्न देशों की प्रसिद्ध शोध संस्थाओं से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वैश्विक खाद्य-पोषण सुरक्षा, स्थिरता और स्वास्थ्य के लिए रणनीति विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कृषि महाविद्यालय परिसर में कृषि क्षेत्र में उद्यमिता से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में युवा उद्यमियों के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एग्री बिजनेस इनक्यूबेसन सेंटर स्थापित है। इस सेंटर के माध्यम से गत 4 वर्षों में 6 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाकर 100 स्टार्टअप शुरू करवाए जा चुके हैं। इन स्टार्टअपस् के माध्यम से टिश्यू कल्चर तकनीक से केला, गन्ना की बेहतरीन किस्म तैयार करना तथा मोटे अनाज से तैयार खाद्य उत्पाद तैयार किए गए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 14 देशों की प्रसिद्ध शोध संस्थाओं से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ बैठक भी की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश ने कृषि क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। यहां के कृषि उत्पाद का निर्यात देश व दुनिया के कई देशों में हो रहा हैं। अब उत्पादन के साथ-साथ इसकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिए दुनिया के कई देशों के साथ राज्य सरकार द्वारा काम किया जा रहा है।

उन्होंने सेमिनार में उपस्थित हरियाणा सरकार के मंत्री गणों व अन्य अतिथियों का वैज्ञानिकों से परिचय करवाते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के उत्थान को लेकर सरकार द्वारा ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नई-नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप हरियाणा प्रदेश ने इस क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल की है। कृषि क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन हो रहा है, लेकिन इसके साथ ही नई चुनौतियां भी खड़ी हो गई है। अधिक खाद एवं दवाइयां के प्रयोग से फसल उत्पादक गुणवत्ता का स्तर गिर रहा है, जिससे मानव को अनेक बीमारियां अपनी गिरफ्त में ले रही है। यही नहीं पानी तथा पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इन तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए अब चिंतन करना बहुत आवश्यक हो गया है। इसमें वैज्ञानिकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण बन जाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि हमारे वैज्ञानिक इन समस्याओं व चुनौतियों से पार पाकर आने वाली पीढियां को सुखद जीवन देने का काम करेंगे।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सम्मेलन के मुख्य संरक्षक प्रो बीआर काम्बोज के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में 4 से 6 दिसंबर तक तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, कजाखस्तान, जापान, मिस्त्र, फ्रांस, जर्मनी, ट्यूनिशिया, ब्राजील, मोराको सहित 15 देशों के 900 वैज्ञानिक व शोधार्थी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के साथ देश के किसानों का भावनात्मक रिश्ता है। देश को अनाज के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की अहम भूमिका रही है। सोमवार को सम्मेलन के प्रारंभिक सत्र में फ्रांस के आईपीसीसी नोबेल पुरस्कार के सह-विजेता प्रोफेसर आर्थर सी रिडेकर व अमेरिका की टेक्सास ए एंड एम, विश्वविद्यालय के संकाय फेलो प्रोफेसर सर्जिओ सी कापारेडा ने तकनीकी विषयों पर अपना व्याख्यान दिया।

तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने वाले मुख्य वक्ताओं में जर्मनी से डॉ डिटर एच त्रुट्ज ओस्नाब्रुक, डेनमार्क से डॉ अहमद जहूर, जापान से प्रोफेसर यो तोमा व डॉ टाकुरो शिनानो, कजाकिस्तान से डॉ विक्टर कामकिन व डॉ ओक्साना एर्माकोवा, फ्रांस से डॉ बोचाइब खदरी, पौलेंड से डॉ. टकाओ इशिकावा, मिस्त्र से डॉ. हॉसम रूश्दी, कोलम्बिया से डॉ. देवकी नंदन, सीम्यीट मैक्सिको से डॉ. एम.के. गथाला एवं डॉ. मैक्सवेल मकोंडीवा,, ब्राजील से डॉ. फ्रांसिस्को फग्गिओं व डॉ. वाल्मी हैजे-फग्गिओं, ईरी-शार्क से डॉ. राबे याहया, ईक्रीसेट से डॉ. एस.के. गुप्ता, कैलिफोर्निया से डॉ. चंद्र पी. अरोड़ा शामिल हैं। देश के प्रसिद्ध शोध संस्थाओं में कार्यरत प्रख्यात वैज्ञानिक भी इस सम्मेलन में व्याख्यान देने पहुंचे हैं, जिनमें एडीजी आईसीआर डॉ. एस.के शर्मा, एडीजी आईसीआर डॉ. बीपी मोहंती इत्यादि शामिल हैं।

इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह, मेयर गौतम सरदाना, मंडलायुक्त गीता भारती, उपायुक्त उत्तम सिंह, नगर आयुक्त प्रदीप दहिया, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, पूर्व मंत्री प्रो. छत्रपाल, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार बलवान सिंह मंडल, विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक एवं सम्मेलन के आयोजक सचिव डॉ. जीतराम शर्मा, ओएसडी डॉ अतुल ढींगड़ा, एसोसिएट डायरेक्टर एक्सटेंशन डॉ केके यादव, एसवीसी कपिल अरोड़ा, इंजीनियर अर्पित तनेजा, डॉ एसके पाहुजा आदि उपस्थित थे।

# प्रशासन व जनताा से तालमेल रखते हुए संगठन को मजबूत बनाएं : डॉ. बंसल











**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की हिसार इकाई के नए अध्यक्ष डॉ. जसवंत राय बंसल ने कहा है कि संगठन के प्रधान के नाते मैं प्रशासन और जनता के साथ स्वसथ तालमेल बनाउंगा और साथियों के सहयोग संगठन को मजबूत बनाएंगे। गीतांजलि अस्पताल के संचालक डॉ. कमल किशोर को उपाध्यक्ष, डॉ. रामनरेश शर्मा को सचिव तथा डॉ. सतीश जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया है। आम सभा में केबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के अतिरिक्त वरिष्ठ डॉक्टरों जेपीएस नलवा, डीएन के खेतरपाल, डॉ. प्रेम मुंजाल, डॉ. श्रीमती मंजू खुराना व डॉ. संदीप कालड़ा ने भी भाग लिया।

# चुनाव परिणामों ने साबित किया जनता के समक्ष भाजपा ही एकमात्र विकल्प : राजेन्द्र सपड़ा

## मुख्यमंत्री से मिलकर जिला मीडिया प्रमुख ने दी भाजपा की जीत की बधाई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने कहा है कि चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणामों ने साबित कर दिया है कि जनता के सामने केवल भाजपा ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा कि परिणामों से जाहिर है कि जनता मोदी सरकार की गारंटी पर विश्वास जता रही है। राजेन्द्र सपड़ा सोमवार सुबह मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर उन्हें विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत पर बधाई दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने उनकी कुशलक्षेम पूछी और एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के लिए काम करने का आह्वान किया। राजेन्द्र सपड़ा ने कहा कि चार में से तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत ने साबित कर दिया है कि जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास है और जनता भाजपा को ही विकल्प मान चुकी है। कांग्रेस का जहां-जहां भी और जब जब भी शासन रहा, भ्रष्टाचार व घोटालों की लंबी फेहरिश्त बन गई, जो जनता से छिपी नहीं है।



## सम्पादकीय..........

# इतना गुस्सा क्यों?

आज शायद ही कोई ऐसा इंसान मिलेगा जो कहे कि वह बड़ा निश्चिंत है, उसके जीवन में कोई तनाव नहीं है। हर ओर हमें चिढ़े हुए, एक-दूसरे पर खीझते हुए लोग ही 'यादा मिलते हैं। सड़कों पर आए दिन छोटी-छोटी बातों के लिए एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू लोग दिख जाते हैं। 'यों-'यों मनुष्य तरक्की कर रहा है, उसके जीवन में धैर्य कम हो रहा है और गुस्सा बढ़ रहा है। पिछले दिनों यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट्रल लैंकशायर के शोधकर्ताओं ने इसकी वजह जानने की कोशिश की। %रीडर्स डाइजेस्ट% के जुलाई अंक में प्रकाशित उनकी स्टडी के मुताबिक बढ़ते क्रोध के लिए हमारी आधुनिक जीवन शैली जिम्मेदार है। प्रमुख शोधकर्ता डॉ. सैंडी मैन का कहना है कि हमारे मस्तिष्क की संरचना इस तरह की है कि जरूरत पड़ने पर हम क्रोध जाहिर कर सकें। लेकिन आजकल लोगों का गुस्सा हर छोटी-मोटी बात पर निकलने लगा है। इसका एक कारण यह भी है कि लोगों को क्रोध व्यक्त करने का कोई ठोस कारण नहीं मिलता। पहले कुछ भी पाने के लिए हमें कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी। काफी संघर्ष के बाद ही हमें कुछ मनचाहा हासिल हो पाता था। इससे एक संतोष मिलता था। पर आज के दौर में 'यादातर चीजें बड़ी आसानी से मिल जाती हैं। इससे हमारी अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। हम हर चीज चुटकी बजाते पा लेना चाहते हैं। हम सोचने लगते हैं कि सब कुछ हमारे ही अनुसार हो लेकिन यथार्थ में जब ऐसा नहीं होता तो हम आग-बबूला हो उठते हैं। इससे मानसिक और शारीरिक रूप से हमें भारी नुकसान पहुंचता है। इससे कई बीमारियों को न्योता मिलता है। गुस्से से हमारे शरीर में सेरोटोनिन हारमोन का स्राव होने लगता है। थोड़ी देर बाद इससे कमजोरी महसूस होती है और लोग बिना भूख के भी खाने की ओर लपकते हैं। असल में सुख-सुविधाओं और तरक्की का समाज में बराबर बंटवारा नहीं हुआ है। अधिक से अधिक सुविधा की चीजें जुटाना ही सामाजिक प्रतिष्ठा का आधार बन गया है। संतोष के साथ जीने और दूसरे के धन को व्यर्थ समझने जैसे मूल्य कमजोर पड़ गए हैं। जिसके पास कम चीजें है वह 'यादा चीजें पाना चाहता है। लेकिन जिसके पास 'यादा है, उसे भी रुकने की कोई जगह नहीं सूझती। ऐसी अंधी चाहत तनाव को जन्म देती है और व्यक्ति अपना गुस्सा छोटी-मोटी बातों पर जाहिर करता है। कभी-कभार गुस्सा कर लेना चाहिए पर ऐसा गुस्सा किस काम का जो हमारे लिए मुसीबत बन जाए?

# आनंद की राह में बाधा यह संसार नहीं, बल्कि घोर सांसारिक वृत्ति है

**अध्यात्म**

व्यक्ति का मूल स्वभाव ही नहीं, जीवन का अंतिम लक्ष्य भी आनंद ही होता है। इसके लिए मोक्ष अथवा मुक्ति अनिवार्य है। प्रश्न उठता है, किससे मुक्ति/ ऐसी अवस्था से मुक्ति जो आनंद में बाधक हो। हमारे आनंद में बाधक कौन है/ कहते हैं कि यह संसार ही आनंद प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा है। अब संसार से तो जीते जी मुक्ति संभव नहीं। तो क्या मान लिया जाए कि जीते जी आनंद संभव नहीं/ ऐसा नहीं है। वास्तव में यह संसार किसी के आनंद में बाधा नहीं बनता। वास्तविक बाधा कोई है तो वह है हमारी घोर सांसारिक वृत्ति। हमारे जो विकार हैं अथवा हमारी जो नकारात्मकता है, वही सबसे बड़ी बाधा है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ पाना चाहते हैं, सबसे आगे निकलना चाहते हैं। यहां तक भी कुछ-कुछ ठीक है। समस्या तब भयावह हो जाती है जब हम दूसरों को कुचलकर या पीछे धकेलकर आगे बढ़ना चाहते हैं। जो कुछ हम पाना चाहते हैं उसके लिए जो कुछ खोना पड़ता है, वही हमारे आनंद की प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा है। कुछ लोग आनंद की खोज में घर-बार छोड़कर संन्यासी हो जाते हैं। एक संन्यासी भी आनंद की कामना ही करता है। सबसे पहले वह अपने प्रचलित सांसारिक नाम का त्याग कर नया नाम पाता है और बन जाता है शिवानंद, रामानंद, सच्चिदानंद, नित्यानंद, चिन्मयानंद अथवा निरंजनानंद। अब इन नामों का अवलोकन कीजिए। नाम के अंत में जो शब्द या उत्तरपद जुड़ा है वह है 'आनंद'। ऊपरी तौर पर पता चलता है कि अब से इनके जीवन का परम लक्ष्य आनंद की खोज ही हो गया है। पर क्या यह खोज संन्यास लेने अथवा गृहत्याग के उपरांत ही प्रारंभ होती है/ वास्तव में यह खोज उसी दिन प्रारंभ हो जाती है, जिस दिन कोई स्वयं को बदलने का फैसला कर लेता है। इसके लिए संसार को छोड़ना नहीं, अपितु मन को बदलना पड़ता है। मन को सकारात्मकता से आप्लावित करना पड़ता है। हम प्रायः दो परस्पर विपरीत स्थितियों से जूझते रहते हैं। हम केवल सुखों की कामना करते हैं और दुखों को किसी भी कीमत पर स्वीकार करना नहीं चाहते। यह असंभव है। इसी असंभव की कामना जीवन में तनाव उत्पन्न करती है जो आनंद की प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा है। यदि हम सुख और दुख दोनों ही स्थितियों को स्वाभाविक रूप से स्वीकार कर लें तो तनाव से बचते हुए दुखों से उबरकर सुखों का आनंद उठा सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार से घर-बार छोड़ना अथवा कपड़ों का रंग या पूर्व नाम बदलना अपेक्षित नहीं। यदि हम गृहस्थ जीवन में निष्काम कर्म व निस्स्वार्थ सेवा का आदर्श अपना लें तो इससे भी कम आनंद की प्राप्ति नहीं होगी। आनंद की प्राप्ति के लिए किसी आडंबर की नहीं अपितु संतुलन व ठहराव द्वारा मन के रूपांतरण की आवश्यकता है।

# जीवन में स्मृति और विस्मृति का अद्भुत खेल चलता ही रहता है

-पाठकपक्ष डेस्क-



याद करना, याद आना और याद रखना ये शब्द हम अपने रोज़ की दिनचर्या में करते ही रहते हैं, वास्तव में हमारे जीवन की धुरी जो हम याद रखते हैं उसके चारों ओर ही घूमती है। कहते भी हैं जैसी स्मृति वैसी स्थिति, क्योंकि जो चीज हमारे ध्यान में ही नहीं है उसका तो कोई अस्तित्व ही नहीं होता। संत मस्कीन कहा करते थे,जो हमारे चेते में है, यानी स्मृति में है,उसका ही महत्व है और उसी का ही अस्तित्व है, जो हमारे चेते में नहीं है, हमारे लिए वो हुई या न हुई एक बराबर है,इस सारे संसार में स्मृति और विस्मृति का अद्भुत खेल चल रहा है। अक्सर करके हमारे मन में यह प्रश्न भी कौंधता है कि उम्र के इस पड़ाव पर क्या याद रखा जाए और क्या भूला दिया जाए। यह भी सच है कि शायद अभी हम इस स्थिति में है कि जो महत्वपूर्ण है उसे याद रखा जाए और जो हमारे काम की नहीं है, मतलब की नहीं है, हमारे सरोकार की नहीं है, उसे भूला सके। स्वस्थ मन और तीक्ष्ण बुद्धि वाला शायद यह सब करने में समर्थ हो,पर वास्तव में ये सब इतना सूक्ष्म है कि इस पर ध्यान दे पाना मुश्किल ही होता है। जैसे हम सब जानते हैं कि भूतकाल तो भूत हो गया, जो गया सो गया,बीती को बीती करो,पर क्या हम हमेशा वर्तमान में टिक पाते हैं?अपना शत प्रतिशत ध्यान जो हमारे हाथ में है उसे दें पाते हैं ? जैसे जैसे बंदा बूढ़ा होता जाता है, उसके दिल और दिमाग पर जो बीत गया है उसका बोझ ज्यादा बढ़ता जाता है, उसमें कुछ नया रजिस्टर ही नहीं होता। अल्जाइमर, पार्किनसन्स और डायमेंशिया जैसी ओल्ड एज बीमारियां तो स्मृति और याद पर ही आक्रमण करती है और मनुष्य को असहाय बना देती है । एक बार एक वृद्ध,जिसकी बूढ़ी पत्नी को अल्जाइमर की बीमारी लग गई थी,जिसकी स्मृति पूरी तरह से लोप हो गई थी, उसकी देखभाल का सारा जिम्मा उस पर आ पड़ा था। वह वृद्ध व्यक्ति यथाशक्ति अपनी पत्नी का ध्यान रखता और उसकी दिनचर्या को लगभग वैसे ही रखता जैसे वो अपने पहले की अवस्था में रहती थी। धीरे धीरे बच्चे भी उनसे दूर हो अपनी जिंदगी में व्यस्त हो गए थे। पर वह वृद्ध अपनी पत्नी की सेवा सुश्रुषा पूरे मन और भाव से किया करता। उसके और अपने जन्मदिन तथा वर्ष गांठ मनाया करता और बच्चों को भी बुलाया।बच्चे , उससे चिढ़ जाते कि जब मम्मी को कुछ पता ही नहीं चलता तो वह ये सब ताम झाम क्यों किया करते हैं ? एक दिन जब बेटे ने गुस्सा किया कि ये सब करने की क्या जरूरत है ? तो वृद्ध पिता ने कहा,%बेटे तुम ठीक कहते हो, इस समय तुम्हारी मम्मी किसी को नहीं जानती और न ही पहचानती उसको तो कुछ पता नहीं , उन्हें तो यह याद नहीं कि मैं उनका पति हूं,पर मैं तो जानता हूं कि वह मेरी पत्नी है, मेरी याददाश्त और संवेदनाएं अभी जीवित है , और हर व्यक्ति अपनी यादों में ही जीता है!% सच है हमारा अस्तित्व और हमारा सारा स्थूल और सूक्ष्म जगत का कारोबार , हमारे व्यवहार का आधार हमारी स्मृतियां ही होती है। उम्र बढ़ने के साथ स्मरण शक्ति घटने लगती है, जैसे बाकी शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए व्यायाम और खुराक पर ध्यान देते हैं,उसी तरह स्मरण शक्ति को भी तराशते रहिए

# भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने लड्डू बांटकर मनाई भाजपा की जीत की खुशी

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 4 दिसम्बर :** राजस्थान ,मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा पुरानी सब्जी मंडी चौक हिसार मे लड्डू बाटकर व ढोल बजाकर जीत की खुशी मनाई गई।

मनोज कुमार ने कहा कि राजस्थान मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कुशल राष्ट्रीय नीतियों पर मोर लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया है इस मौके पर भाजपा के जिला सचिव संजय



सुरा , पूर्व डिप्टी मेयर भीम महाजन,पूर्व पार्षद प्रत्याशी ईश्वर सिंह सैनी नाटा,युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पियूष पाहवा ,युवा मोर्चा मीडिया प्रमुख नितिन आजाद ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सोनी ,युवा मोर्चा मंडल महामंत्री आशु धाबी ,सुरेश गोयल, जयप्रकाश और आनंद सैनी आदि मौजूद रहे।

# श्रम मंत्री अनूप धानक ने राजली में लाइब्रेरी का किया शिलान्यास

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 4 दिसम्बर।** श्रम मंत्री अनूप धानक ने गांव राजली स्थित धानक चौपाल में लाइब्रेरी का शिलान्यास किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत गांव एवं ढ़ाणियों में हर घर नल-हर घर जल योजना के तहत कार्य किए जा रहे हैं। म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति की जा रही है।



कार्यक्रम में लोगों ने अपनी निजी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को उनके सामने रखा, जिस पर श्रम मंत्री अनूप धानक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें ताकि ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए बार-बार भटकना न पड़े। जेजेपी के हलकाध्यक्ष अनिल बालकिया, शिवलाल बूरा, जयसिंह राजली, वजीर सरपंच, पुरषोतम, रिकीकेश बूरा, शमशेर कोहाड़, धर्मपाल चाहर आदि मौजूद रहे।

# सुण मौल्लड़ की



कांग्रेस केवल तीन राज्यों के लिए सिमटी

पार्टी म्ह क्रांतिकारी बदलाव ल्याणे पड़ैंगे

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** अधिकारी वर्ग का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना। आय के नए साधन बनेंगे।

**वृषभ :** राह में आ रही मुश्किलें सूझ-बूझ द्वारा हल करने की कोशिश करेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। नए सौदे हाथ आने के आसार।

**मिथुन :** मन में चिंता बनी रहेगी। लोगों को अपने विरूद्ध खड़ा पाएंगे। आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**कर्क :** लोग आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा करेंगे। उपहार प्राप्त होने की संभावना परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**सिंह :** व्यापारिक सौदे हाथ आने की संभावना। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। अनुभवी लोगों का साथ सफलता दिला सकता है।

**कन्या :** मनचाही सफलता की राह आसान होगी। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। पूर्व में किए गए निवेश से लाभ प्राप्त होगा।

**तुला :** कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। पूंजी निवेश करने से बचें। हो सके तो यात्रा को टाल दें। काली माता की पूजा करें।

**वृश्चिक :** प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। अविवाहित विवाह की चर्चाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। मौज मस्ती में दिन व्यतीत होगा।

**धनु :** वितीय लेन-देन संबंधी कार्यों में सावधानी बरतें। अत्याधिक गुस्सा करने से बचें। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**मकर :** परिवार व बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों के साथ संबंधों में मुधरता बढ़ेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ :** अनावश्यक विवादों से दूर रहें। किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। कूटनीति का शिकार हो सकते हैं। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**मीन :** दिन शुभ रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा से लाभ होगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## कर्म का मर्म

# सबसे बड़ा भक्त

देवर्षि नारद को अभिमान हो गया कि उनसे बड़ा भक्त त्रैलोक्य में कोई नहीं है। एक दिन वह भगवान विष्णु से पूछ बैठे,'भगवान, आपका सबसे बड़ा भक्त कौन है/' भगवान नारद के मन की बात ताड़ गए। उन्होंने कहा, 'मेरा सबसे बड़ा भक्त अमुक गांव में रहने वाला एक किसान है।' उत्तर सुनते ही नारद जी हतप्रभ रह गए। वे भागे-भागे उस किसान की झोपड़ी में जा पहुंचे और सुबह से रात तक उसकी दिनचर्या देखी। किसान ने सबेरे उठते ही भगवान का स्मरण किया। नहाने के बाद हल कंधे पर रखा और खेत पर चला गया। किसान शाम को घर लौटा तो हाथ-पांव धोकर भगवान का स्मरण किया, भोजन किया और सो गया। नारद जी भगवान के पास पहुंचे तथा बोले, 'प्रभु मैं किसान की पूरी दिनचर्या स्वयं देखकर आया हूं। वह केवल दो बार आपके नाम का स्मरण करता है, मैं तो अहर्निश आपके नाम का जप करता हूं। फिर भी आप उस किसान को मुझसे बड़ा भक्त कैसे मानते हैं।' भगवान हंसे। उन्होंने लबालब भरा अमृत-कलश देते हुए कहा, 'देवर्षि, तुम इस अमृत कलश को लेकर त्रैलोक्य की यात्रा कर आओ। किंतु यह ध्यान रखना कि इसकी एक भी बूंद न छलकने पाए। यदि एक बूंद भी नीचे गिर गई तो तुम्हारा मस्तक छिन्न-भिन्न हो जाएगा।' नारद जी अमृत कलश को सिर पर धारण कर परिक्रमा के लिए चले गए। लौटने पर भगवान ने पूछा,'परिक्रमा के दौरान तुमने कितनी बार मेरा स्मरण किया।' नारद जी ने कहा,'प्रभु, मैं इसी पर केंद्रित रहा कि एक बूंद भी न छलकने पाए। इसीलिए एक बार भी आपका स्मरण नहीं कर पाया।' भगवान ने कहा,'देवर्षि, किसान अपने तमाम कार्य करते हुए भी कम से कम दो बार नियमित रूप से मेरा स्मरण करना नहीं भूलता है, तो वह सबसे बड़ा भक्त हुआ कि नहीं/' नारद जी का मोहभंग हो चुका था।



# ओपीजेएमएस में दशावतार का रूप अवतरण



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** ओपीजेएमएस के सभागार में वि द्यार्थियों की कला व प्रतिभा को उजागर करने हेतु हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया द्य इस शुभ अवसर पर विद्यालय के कक्षा पहली से पाँचवीं तक के लगभग 1100 वि द्यार्थियों ने भाग लिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, हिसार मंडल के श्री श्रीकांत जाधव जी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा अपने कर-कमलों से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।माननीय श्रीकांत जाधव जी ने सभागार में उपस्थित दर्शकों व अभिभावकों से अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज सभी को आवश्यकता है ईश्वर प्रदत्त अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की ;बच्चों के समग्र विकास हेतु निर्भीक बनाने की तथा आवश्यकता है अभिभावक को अपने व्यस्ततम दिनचर्या से अपने बच्चे को समय रुपी अमूल्य उपहार देने की, जिससे अवस्थानुसार वे मानवीय मूल्यों को समझ सकें और सामाजिक बुराइयों से दूरी बना सकें।

# नेहरू युवा केंद्र ने खासा महाजन में अमर शहशीद खुदीराम बोस का जन्म दिवस मनाया




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 3 दिसम्बर :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में गांव खासा महाजन में अमर शहीद खुदीराम बोस का 134 वें जन्म दिवस मनाया गया इस अवसर पर ग्राम विकास समिति खासा महाजन वह युवा स्पोर्ट्स क्लब व अन्य कल्बों के सदस्य भी आए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य सौरभ कुलड़िया ने खुदीराम बोस जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी के रूप में जाने जाते हैं खुदीराम बोस साथ ही युवाओं को बताया कि हमें भी खुदीराम बोस जी को आदर्श मानकर उनके दिखाई रास्ते पर चलना चाहिए और जब भी देश सेवा की बात हो तो पीछे नहीं हटना चाहिए देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर पर आगे रहना चाहिए इस अवसर पर उपस्थित बलवान आदित्य रवि दीपक विकास अक्षय इंदौरा मोहित रोहित सुमित सुरेश भांभू विकास सोनू आदि उपस्थित थे। महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस का जन्म 1889 में आज ही तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी के मिदनापुर जिले में हुआ था। छात्र जीवन में ही उनमें क्रांति की भावना जागृत हो गई थी।

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

नंद किशौर चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)
हिसार, हांसी से वृंदावन-मथुरा
धार्मिक बस यात्रा
कोकीलावन, बरसाना, गौकुल, गोवर्धन, रमन रेती, निधिवन, प्रेममंदिर, आगरा
यात्रा आरम्भ 14 दिसंबर 2023
यात्रा वापसी 18 दिसंबर 2023
यात्रा शुल्क 1800 रु आना जाना दो रात रूकना
चलने का स्थान अग्रसैन भवन
सांय 10:00 बजे
ऑटो-रिक्शा व अन्य टिकट यात्री को स्वयं देना होगा
नोट : 5 साल से ज्यादा उम्र के बच्चे का पुरा किराया लगेगा।
अभी कॉल करें : 9467158925, 9017983609

DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
• शुगर • पाचन रोग • थाईराईड
• मोटापा • पुरूषत्व रोग • घुटनों का दर्द
• बी.पी. • सांस की एलर्जी • नसों की ब्लोकेज
• कॉलस्ट्रोल • नशे की आदत • बवासीर
• जोड़ों का दर्द • लीवर व किडनी रोग • न्यूरो रोग
• स्त्री रोग • हृदय रोग
• चमड़ी रोग • एड्स
Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुड़ाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहमास्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road, Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
muse-II

Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली भव्य कलश शोभा यात्रा

**श्री श्याम गौशाला समिति मिंगनीखेड़ा द्वारा करवाया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन**



**पाठकपक्ष न्यूज**


**हिसार/नारनौंद 4 दिसम्बर :** श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर श्री श्याम गौशाला मिंगनीखेड़ी में कलश यात्रा करते हुए गऊओं की परिक्रमा की। सभी श्रद्धालुजन नाचते गाते हुए व कीर्तन करते हुए कलश यात्रा में शामिल हुए और गौशाला का पूरा माहौल वृंदावनमय हो गया। इस सुअवसर पर कथा व्यास महाराज संत श्री गोपीराम जी श्री धाम वृंदावन ने बताया कि मार्गशीष महीने में गऊशला में बैठकर श्रीमद् भागवत कथा सुनने से सभी पापों का नाश होता है और अनंत गुणा फल की प्राप्ति होती है।

इस अवसर पर डॉ. ललिता राजवंशी, आशा गुप्ता, डॉ. पराशर, सज्जन गर्ग प्रधान, पतराम गुप्ता, मधुसुदन गुप्ता, होशियार सिंह कड़वासरा, ओमप्रकाश मीचू, जगतपाल डूडी, कुलदीप ग्रोवर, विमल गुप्ता, मंजू गर्ग, कांता गोयल एवं उनकी भजन मंडली, राजीव अग्रवाल, सुनीता सातरोड़िया, किरोड़ीमल गोयल, पिंकी गुप्ता, गोबिंद जी भजन गायक के अलावा मिंगनीखेड़ा, किरतान व आसपास के ंवों से अनेक महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौथे दिन गांव रायपुर, ढाणी सीसवाल, आदमपुर, खरड़, आर्य नगर व लुदास में पहुंची यात्रा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार 4 दिसम्बर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौथे दिन गांव रायपुर, ढाणी सीसवाल, आदमपुर, खरड़, आर्य नगर तथा लुदास में यात्रा पहुंची। इस दौरान डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने गांव आर्य नगर तथा लुदास, जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह व माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल ने खरड़ तथा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई ने आदमपुर में यात्रा के पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।



डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने जनसमूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलवाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जनता के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। देश व प्रदेश में अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने में सरकार अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। देश को विकसित बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को पहुंचाकर उसे लाभांवति करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। सरकार द्वारा जनहित के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर नागरिक अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकते हैं। केंद्र तथा राज्य सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जिले के सभी गांवों को कवर करते हुए नागरिकों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है और उन्हें योजनाओं व सेवाओं का लाभ देकर लाभान्वित भी किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह ने गांव खरड़ में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की गई जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। सरकार द्वारा इस यात्रा में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने के लिए 57 रथ शामिल किए गए हैं। कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न खेल क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वैन में लगी एलईडी पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संदेश विडियों भी दिखाई गई। इसके अलावा सरकारी योजनाओं को लेकर बनी लघु फिल्मों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि वे किस प्रकार सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है, हमें अपने बच्चों को अच्छी संस्कारित शिक्षा देनी चाहिए, ताकि वह देश का अच्छा नागरिक बन सके। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अच्छी शिक्षा लेकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें।

# दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट ने संगीत शिक्षा प्रारंभ करके दिव्यांग दिवस मनाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट ने दिव्यांगों के लिये नई सेवाएं प्रारंभ करके विश्व दिव्यांग दिवस मनाया। दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास के लिये कार्यरत संस्था दिव्यांग एकाधिकार पुनर्वास ट्रस्ट ने आज विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग बच्चों के लिये संगीत प्रशिक्षण की सेवा आरंभ की। अब डीएसएस-124, सेक्टर 15 में सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चे मुख्यतया दृष्टि बाधित व कम दृष्टि वाले बच्चे गायन व वादन दोनों सीख सकेंगे। संगीत में सभी प्रकार का संगीत व वादन में ढोलक, हारमोनियम, सितार व तबला सीख सकेंगे। साथ में अन्य दिव्यांग बच्चे भी इनका लाभ ले सकेंगे जिससे वे भविष्य में अपने रोजगार के लिये आत्मनिर्भर जीवन जी सकेंगे।

संस्था की संस्थापिका संजू वर्मा ने बताया कि संस्था की सभी प्रकार की सेवाओं का संचालन करने वाले समाजसेवी सुखबीर (दृष्टि बाधित बच्चों के विशेष शिक्षक) आरती (पुनर्वास मनोविज्ञानिक) अरविंद कुमार (संगीत प्रशिक्षक) ने बच्चों को संगीत की जानकारी दी। संजू वर्मा ने बताया कि कोई भी दिव्यांग असक्षम नहीं है, बस हमें उसकी योगयता की खोज करके उसे प्रशिक्षण देने की जरुरत है। ये समाज का सबसे सक्षम वर्ग में अपना स्थान रखते हैं, केवल इन्हें तैयार करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

# डॉ. बी.आर. अम्बेडकर एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार/हांसी, 4 दिसम्बर :** डॉ. बी.आर. अम्बेडकर एजुकेशन ट्रस्ट, चानौत द्वारा गांव के सैंट मैथ्यू स्कूल में 10वीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहली से बारहवीं कक्षा तक के लगभग 400 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के लिये चार वर्ग बनाये गये। वर्ग ए में पहली से पांचवीं कक्षा, वर्ग बी में छठी से आठवीं कक्षा, वर्ग सी में नौंवी से दसवीं कक्षा तथा वर्ग डी में गयारहवीं व बारहवीं कक्षा तक के बच्चों को शामिल किया गया। ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक पवन चैनत ने बताया कि प्रतियोगिता के अवसर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सोरखी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। अध्यक्षता कल्याणी फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. सतबीर चौहान ने की।

आप के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सोरखी ने अपने संबोधन में प्रतियोगिता के आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का जहां सामान्य ज्ञान बढ़ता है, वहीं उन्हें आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाईल के पीछे भागने की बजाये सामान्य ज्ञान बढ़ाना चाहिये। यही ज्ञान बच्चों को भविष्य में अपना कैरियर बनाने में भी काम आएगा। ट्रस्ट द्वारा आप के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सोरखी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को नगद व मैडल देकर पुरस्कृत किया।




# समाज से नशे की जड़ों को काटने के लिए बच्चों को बनाना होगा संस्कारवान : मुख्यमंत्री

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार 4 दिसम्बर :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि समाज से नशे की जड़ों को काटने के लिए बच्चों को संस्कारवान बनाना होगा। इस कार्य में अभिभावक तथा सामाजिक संस्थाएं अहम भूमिका अदा कर सकती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को स्थानीय गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक स्वामी धर्मदेव द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन महासंघ ने देश में जो नशा मुक्ति, मातृ-पितृ वंदन, असहाय का सहयोग तथा दृढ़ अनुशासन का पांच सूत्रीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन कुछ युवा नशे के जाल में फंस रहे हैं। हमें युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल कर मजबूत भारत की नींव रखनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 मई को नशे के खिलाफ एक मजबूत लड़ाई लड़ने का हमने संकल्प लिया है। कल ही हमारे अभियान में निरंकारी मिशन में जुड़कर युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया गया है। हमें सबसे पहले नशे के खिलाफ




युवाओं को जागरूक करना होगा। नशे में फंसे युवाओं के डि-एडिक्शन और रिहेबिलिटेशन के लिए सरकार पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। नशे की सप्लाई चैन तोड़ने के लिए खास रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है। पंचकुला में नशें के खिलाफ आठ राज्यों का संयुक्त हेडक्वार्टर बनाया गया है। इसी साल हरियाणा में 140 करोड़ रुपये से अधिक की नशे की खेप को सरकार ने नष्ट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों को अपना परिवार मानकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है। अंत्योदय की भावना से चलायी गई योजनाओं के सहारे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में देश को लाने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में विकसित भारत जनसंकल्प यात्रा का अभियान चलाया गया है। इस यात्रा के माध्यम से अभी तक योजनाओं से वंचित लोगों को उनके घरद्वार पर जाकर लाभ दिया जा रहा है। सुशासन की दिशा में एक और कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने मिशन कर्मयोगी आरंभ किया है। इसके तहत विशेष प्रशिक्षक तैयार करके सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को नैतिकता व आचरण के साथ-साथ कार्यशैली में सुधार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज ने कहा कि देशभक्तों की कुरबानियों की बदौलत भारत को आजादी मिली। लेकिन कुछ लोगों ने देश की जड़ों को खोखला करने का काम किया। लेकिन अब भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के रूप में तीन रत्न मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरू था और विश्व गुरू बनेगा। क्योंकि आज हमारे राजनेता देश का विकास करने तथा इसका गौरव बढ़ाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं और लगातार राष्ट्रहीत में काम कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वह नशें से दूर रहें। माता-पिता की सेवा करें, असहाय का सहयोग करें, जीवन में दृढ़ अनुशासन की पालना करें तथा अपने अंदर की देशभक्ति की भावना का विकास करें। निश्चित रूप से देश बुलंदियों को छुएगा। इस दौरान उन्होंने देवी प्रसंग गोयल को राष्ट्रीय सनातन महासंघ का तीन वर्ष का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का इतिहास बलिदानियों की गौरव गाथाओं से भरा पड़ा है। यहां गुरू गोविंद सिंह सरीखे देशभक्तों ने भारत माता के लिए अपने बच्चों तक की कुरबानियां देकर भारत मां के मस्तक को कभी नहीं झुकने दिया। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह राष्ट्रीय सनातन महासंघ द्वारा बताए गए पंच सूत्रिएं कार्यक्रम पर चलकर राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने राम मंदिर का निर्माण करवाया तथा धारा-370 को हटाकर देश को मजबूत करने का काम किया। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, राज्य सभा सांसद डीपी वत्स, विधायक विनोद भयाना, भाजपा के जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह वीरचक्र, मेयर गौतम सरदाना, नवीन गोयल, मुख्यमंत्री की ओएसडी अनिता कुंडू, गायत्री यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जनता ने लगाई भाजपा की नीतियों पर मोहर, घोषणाओं पर भरोसा : मनोहर लाल

*पाठकपक्ष न्यूज*

***हिसार 4 दिसम्बर :*** *मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणामों से स्पष्ट कर दिया है कि जनता का भरोसा केवल भाजपा पर ही है और इसके लिए इन राज्यों की जनता व कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।*

*मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। राज्यों के चुनाव परिणामों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खुशी कार्यकर्ताओं के साथ सांझा करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिला कार्यालय पहुंचे थे। इससे पहले उनका कार्यक्रम केवल गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के सभागार में थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार राज्यों के परिणाम में भाजपा तीन में स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में आ रही है और तेलंगाना, जहां केवल एक सीट थी, वहां लगभग 10 गुणा बढ़ोतरी कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित राज्यों की जनता व कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों व संबंधित राज्यों में हमारे घोषणापत्रों पर जनता ने विश्वास किया है। इन राज्यों की जनता ने कांग्रेस को नकारकर साबित कर दिया है कि केवल नारे लगाने से बात नहीं बनती बल्कि धरातल पर कुछ करना पड़ता है। उन्होंने कटाक्ष किया कि कांग्रेस के लोग कहते थे कि इन चुनावों का परिणाम आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा, तो वे उनकी बात को बड़ा कर रहे हैं।*

*मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष से पन्ना प्रमुख तक मजबूत है। हमने पन्ना प्रमुख तक जो मजबूत नेटवर्क बनाया है, उसका सबसे बड़ा फायदा पार्टी को चुनाव में मिलता है। जजपा के साथ गठबंधन रखने या न रखने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कुछ फैसले नीतिगत होते हैं, जजपा से हमारा गठबंधन चुनाव से पहले नहीं था, बाद में परिस्थिति के अनुसार करना पड़ा, ऐसे में परिस्थिति देखी जाती है।*

*पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र, कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, विधायक विनोद भ्याणा, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, मेयर गौतम सरदाना, महामंत्री एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया व प्रवीण पोपली, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई, मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

## चंद्रशेखर आज़ाद के जन्मदिन पर मिलगेट पर बांटे लड्डू



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार 4 दिसम्बर :** भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के संस्थापक भाई चंद्रशेखर आज़ाद का जन्मदिन हिसार टीम द्वारा मिलगेट के कैंची चौक पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र नेता अमित जाटव और प्रदीप यादव के नेतृत्व में खुले आसमान के नीचे डीजे बजाकर, नाचते गाते हुए बच्चों व बुजुर्गो को केक ,फल व लड्डू वितरित किए गए।

भीम आर्मी हिसार के जिलाध्यक्ष रमेश राणा और प्रभारी विजय अठवाल, प्रवक्ता संतलाल अंबेडकर ने कहा की भाई चंद्रशेखर आज़ाद आज बहुजन युवाओं की आवाज है। उनके नेतृत्व में देश का सर्व समाज एकजुट होकर आने वाले समय में तानाशाही हुक्मरानों से लड़ेगा। इस अवसर पर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष रमेश राणा, प्रभारी विजय अठवाल, प्रवक्ता एडवोकेट संतलाल अंबेडकर,छात्र नेता अमित जाटव, प्रदीप यादव, अनुराग, चौधरी अवी, देवचरण, शौकी इन्दल, सेट्टी आर्यनगर, संदीप जनागल, राकेश सोनी, रवि, मंगल यादव, रिंकू सैनी, जयबीर गोदारा, प्रदीप, अजय मुवाल, मिलन, सुरेंद्र, मोनू, रमेश यादव,राजकुमार, साहिल, रवि, विनय, काली यादव, प्रवीन सोनी, मोहित खाबडा व अन्य उपस्थित रहे।

## सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र हिसार

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार 4 दिसम्बर :** सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र हिसार में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्र्स्र्स्र्स्र्स्र्स्र्सेवा निवर्त ज़ोनल मार्केटिंग अनफ़ोर्समेंट ऑफिसर शैलेश वर्मा ने महात्मा गांधी की आत्म कथा पुस्तक का पाठन करते हुए बताया कि गांधी जी धर्म के प्रति कटरता के पक्ष मे नहीं थे, बल्कि मानते थे कि जिस धर्म से जीवन निर्माण की अच्छी बात मिलती है तो उसे ग्रहण कर लेना चाहिए। इसी अवसर पर दयानन्द कालेज के इतिहास विभाग हैड डॉ महेंद्र रोहिला ने गांधी जी की आत्म कथा पुस्तक पर विवेचना में बोलते हुये कहा कि महात्मा गाँधी जी एक ऐसे चरित्र हैं जो अपनी आत्म कथा के माध्यम से यह विचार देना चाहते हैं कि जीवन का धर्म हर प्राणी का उत्थान होना चाहिए। संचालन अनिल जौहर ने किया। इस अवसर पर बनीसिंह जांगड़ा, प्रबन्धक धर्मवीर शर्मा, विजेंदर कुमार, मनोज कुमार, उपस्थित रहे।

## ओ.एस.जी.यू, हिसार ने दिल्ली में आयोजित किया अपना पहला कॉन्क्लेव



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार 4 दिसम्बर :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय ने शनिवार को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेन्टर के टैमरिंड सभागार में प्रथम इन्डस-अकेडमिया कॉन्क्लेव का आयोजन किया। कॉन्क्लेव की परिचर्चा भविष्य के लिए बेहतर रोजगार तथा स्व-रोजगार संबंधी बिन्दुओं पर रही। कॉन्कलेव का मुख्य उद्देश्य अकेडमिक में इंडस्ट्रीज की भागीदारी को सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने सभी को इस प्रतिष्ठित आयोजन की बधाई और शुभकामनाएं दी। कॉन्क्लेव में राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के 130 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पदम श्री अवार्ड से सम्मानित डॉ सौमित्रा रावत (हैड, गंगा राम हस्पताल, दिल्ली) और विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश गोयल (सक्रेटरी, एच.एस.बी.टी.ई) तथा डॉ संदीप पारिख ( पाटर्नर, ई.वाई) रहे। चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने अपने विचार, ज्ञान और अनुभव को सांझा किया। मुख्यातिथि ड़ॉ सौमित्रा रावत ने विद्यार्थियों के अधिक से अधिक व्यावहारिक ज्ञान पर बल दिया। ड़ॉ संदीप पारीख ने अपने जीवन तथा कार्यानुभव को इंडस्ट्रीज से आए हुए सभी विशेषज्ञों के साथ सांझा किया।

## गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी ने धूमधाम से मनाया प्रकाश उत्सव



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 4 दिसम्बर :** श्रीगुरु नानक साहिब का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी, मौहल्ला डोगरान में आज धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुघर में पहुंचकर माथा टेका। तीन दिनों तक चले उत्सव का समापन रविवार को दोपहर बाद किया गया। गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि उत्सव का शुभारंभ 1 दिसम्बर को श्रीअखण्ड पाठ साहिब के पाठ से किया गया था। बीती सायंकाल व रात्रि को भी कीर्तन किया गया जिसमें असंख्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आज प्रातः पाठ की समाप्ति कर भोग डाला गया। इस दौरान बीबी सिमरन कौर लुधियाना वाले व भाई कुलविन्द्र सिंह हजूरी रागी श्रीआनंदपुर साहिब ने अपनी वाणी से गुरु नानक देव महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला व कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। कीर्तन के माध्यम से गुरु नानक देव की कुर्बानियों व सिखों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा दिए गए बलिदान को याद किया गया। उच्ची-सुच्ची वाणी बाबे नानक दी भजन के स्वर से पंडाल गुंजायमान हो गया। अरदास के साथ अटूट लंगर चलाया गया। प्रकाश उत्सव में गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी के प्रधान गोबिंद बेदी, भाई चरणजीत, भाई जोगी, भाई सुरेन्द्र, गुलशन, पाली, हरीश, अनिल बेदी, जगदीश सेठी, हरीश सेठी, संतलाल, कालू, अनिल सेठी, सतीश कुमार, देवकानंदन, दीपक, गिन्नी, अनूप, संदीप, जुगनू, अजय, राजू पीपे वाला, टीटू, संजय गोबिंद डिग्गा, मनोज, साईंदास, किशनलाल डिग्गा, सुरेन्द्र डिग्गा, गुलशन महाजन सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**मेडिकल कैम्प में 350 लोगों ने निरीक्षण करवाकर दवाईयां ली**

गुरुद्वारा भाभड़ा बिरादरी के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि प्रकाश उत्सव के अंतिम दिन आज प्रातः निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें जनरल सर्जन डॉ. जतिन बेदी, एमडी मेडिसन डॉ. दिशा बेदी व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा मेहता ने लगभग 350 रोगियों का निरीक्षण करके उन्हें निःशुल्क दवाईयां दीं।

## श्रम मंत्री ने गांव राजली में लाईब्रेरी का किया शिलान्यास, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार 4 दिसम्बर :** श्रम मंत्री अनूप धानक ने गांव राजली स्थित धानक चौपाल में लाईब्रेरी का शिलान्यास किया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत गांव एवं ढ़ाणियों में हर घर नल-हर घर जल योजना के तहत कार्य किए जा रहे हैं। म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति की जा रही है। कार्यक्रम में लोगों ने अपनी निजी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को उनके सामने रखा, जिस पर श्रम मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का जल्द निस्तारण करने



के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें ताकि ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए बार-बार भटकना न पड़े। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर जेजेपी के हलकाध्यक्ष अनिल बालकिया, शिवलाल बूरा, जयसिंह राजली, वजीर सरपंच, पुरषोतम, रिकीकेश बूरा, शमशेर कोहाड़, धर्मपाल चाहर, रिछपाल चहल आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की जीत जनकल्याणकारी नीतियों की जीत : सुरेश गोयल

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 4 दिसम्बर : मध्य प्रदेश, राजस्थान व छतीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से जीत भाजपा की कल्याणकारी नीतियां ,बड़े पैमाने पर हुए विकास कार्य ,भाजपा शासित राज्यो में सुशासन का राज स्थापित होना व भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की जीत है।यह बात आज भाजपा नेता सुरेश गोयल धूप वाला ने प्रेस को जारी अपने ब्यान में कही।देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र भाई मोदी विश्व नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। राष्ट्रीय हित मोदी के हाथों में सुरक्षित है यह फैक्टर जनता के बीच बहुत बड़ा है।सुरेश गोयल ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय सनातन संस्कृति का अनेको पार्टियों ने विरोध किया और कांग्रेस पार्टी ने उनका खुल कर समर्थन किया जनता के बीच इसका बहुत ही नाकारात्मक संदेश गया।इन बातों से जनता पूरी तरह रुष्ठ हो गई थी।जनता ने उनके विरुद्ध वोट देकर अपना विरोध जताने का काम किया।जनता अब जातिवादी राजनीति से पूरी तरह ऊब चुकी है उसने जातिवादी राजनीति को नकारा है। इन राज्यो के चुनावों ने 2024 लोकसभा के चुनावों में भाजपा की एक तरफा जीत का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त कर दिया है।उन्होंने कहा कि जनता ने जहाँ पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को अपना समर्थन दिया वहीं भाजपा का समर्पित ,निष्ठावान व मेहनती कार्यकर्ताओं ने रात दिन एक करके पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में काम किया।

## विकलांगों ने सरकार से की 40 प्रतिशत विकलांगता पर फ्री बस, रेल यात्रा पास और 5100 रुपये पेंशन की मांग

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार 4 दिसम्बर :** विकलांग अधिकार मंच हरियाणा के बैनर तले अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस सीनियर सिटीजन क्लब, सेक्टर 14 में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्ण गुरी, सूबेसिंह लोहान ने की और संचालन नरेश भारतीय, संदीप हिसार ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बतौर प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शेट्टी और राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली पहुंचे। विकलांग कलाकारों द्वारा रागनी, गीत और कविताएं प्रस्तुत की गई। प्रेस को जारी बयान में राज्य अध्यक्ष सुरेंद्र शेट्टी ने शकुंतला यूनिवर्सिटी, लखनऊ में धरना दे रहे विकलांग छात्रों के ऊपर एबीवीपी के गुंडों द्वारा हमला किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की और उत्तर प्रदेश की सरकार से मांग की है कि हमलावरों के विरुद्ध कठोर से कठोर धाराएं लगाकर मुकदमा दर्ज किया जाए और जो छात्र धरना दे रहे हैं, उनको सुरक्षा प्रदान की जाए। अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर हम सरकार को बताना चाहते हैं कि हरियाणा में भी विकलांगों के हालात अच्छे नहीं हैं। हरियाणा में विकलांगों की आबादी करीब 15 लाख है, जिसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। इस समय बड़ी आबादी सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से वंचित है जिनको लेने के लिए विकलांगों को बार-बार सड़कों पर उतरना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में 1,84,000 विकलांगजन पेंशन ले रहे हैं लेकिन एक बड़ी आबादी अभी भी पेंशन से वंचित है। पेंशन प्राप्त विकलांग की 80 प्रतिशत आबादी पेंशन पर गुजर बसर कर रही है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के कारण विकलांगों का जीना दुर्भर हो रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सेठी, राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली, जिला अध्यक्ष कृष्ण गुरी, जिला सचिव संदीप, जिला उपप्रधान सूबेसिंह लोहान, सहदेव सिहाग, मैडम पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष सुभाष नंगथला, मैडम मीनू सिंगला, नरेश भारतीय, महावीर कुलेरी, राजेश सलेमगढ़, बलजीत उकलाना, लाल सिंह नारनौंद आदि मौजूद रहे।

# ब्राह्मण रेजिमेंट जल्द बननी चाहिए : प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा

### *ब्राह्मण समाज द्वारा कांग्रेस को समर्थन देने वाले भूपेंद्र हुड्डा के ब्यान का भी किया विरोध*

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार/नारनौंद , 4 दिसम्बर :** ब्राह्मण खाप हरियाणा द्वारा राजनीति में अपनी हिस्सेदारी को लेकर ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण समाज को संबोधित करते हुए ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेशध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि जल्द से जल्द ब्राह्मण रेजिमेंट बननी चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकसभा में जो भी राजनीतिक दल ब्राह्मण समाज को ज्यादा सीटों पर टिकट देगा, ब्राह्मण समाज द्वारा उसका खुला समर्थन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव की समीक्षा भी की जाएगी कि उस समय कांग्रेस, भाजपा, आईएनएलडी, जेजेपी और आम आदमी पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दलों ने ब्राह्मण समाज को कितनी सीटों पर टिकट दी



थी और किस राजनीतिक दल ने ब्राह्मण समाज से राज्यसभा के लिए कितने प्रत्याशी दिए। कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की ब्राह्मण समाज के समर्थन देने की की गई टिप्पणी पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों की उपस्थिति दिखाई गई है, उन्होंने समाज के नाते ज्वाइन नहीं किया, यह कुछ लोगों का निजी राजनीतिक फैसला था, लेकिन कांग्रेस के कुछ लोगों ने इसे संपूर्ण ब्राह्मण समाज का समर्थन बताकर राजनीतिक रोटियां सेंकने व ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करने का प्रयास किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्राह्मण रेजिमेंट का गठन किया जाए और ईपीबीजी के तहत चयनित उम्मीदवारों को जल्द ज्वाइन कराया जाए। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण सनातनी व देशभक्ति का अनुसरण करने वालों का साथ देगा। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा ब्रह्मण को उपमुख्यमंत्री बनाने की बात न कर यह एलान करें कि कांग्रेस ब्राह्मण को मुख्यमंत्री बनाएगी। मुख्य रूप से राम अवतार शर्मा प्रचार सचिव ब्राह्मण खाप हरियाणा, बिशन लाल, सिया राम शास्त्री, तेलु राम, रोशन लाल सरपंच मौजूद रहे।

# समाज से नशे की जड़ों को काटने के लिए बच्चों को बनाना होगा संस्कारवान : मुख्यमंत्री मनोहर लाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि समाज से नशे की जड़ों को काटने के लिए बच्चों को संस्कारवान बनाना होगा। इस कार्य में अभिभावक तथा सामाजिक संस्थाएं अहम भूमिका अदा कर सकती है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को स्थानीय गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक स्वामी धर्मदेव द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन महासंघ ने देश में जो नशा मुक्ति, मातृ-पितृ वंदन, असहाय का सहयोग तथा दृढ़ अनुशासन का पांच सूत्रीय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन कुछ युवा नशे के जाल में फंस रहे हैं। हमें युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल कर मजबूत भारत की नींव रखनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 मई को नशे के खिलाफ एक मजबूत लड़ाई लड़ने का हमने संकल्प लिया है। कल ही हमारे अभियान में निरंकारी मिशन में जुडक़र युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया गया है। हमें सबसे पहले नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करना होगा। नशे में फंसे युवाओं के डि-एडिक्शन और रिहेबिलिटेशन के लिए सरकार पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। नशे की सप्लाई चैन तोड़ने के लिए खास रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है। पंचकूला में नशें के खिलाफ आठ राज्यों का संयुक्त हेडक्वार्टर बनाया गया है। इसी साल हरियाणा में 140 करोड़ रुपये से अधिक की नशे की खेप को सरकार ने नष्ट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों को अपना परिवार मानकर सरकार निरंतर कार्य कर रही है। अंत्योदय की भावना से चलाई गई योजनाओं के सहारे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में देश को लाने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में विकसित भारत जन संकल्प यात्रा का अभियान चलाया गया है। इस यात्रा के माध्यम से अभी तक योजनाओं से वंचित लोगों को उनके घरद्वार पर जाकर लाभ दिया जा रहा है। सुशासन की दिशा में एक और कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने मिशन कर्मयोगी आरंभ किया है। इसके तहत विशेष प्रशिक्षक तैयार करके सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को नैतिकता व आचरण के साथ-साथ कार्यशैली में सुधार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय सनातन महासंघ के संस्थापक महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज ने कहा कि देशभक्तों की कुर्बानियों की बदौलत भारत को आजादी मिली। लेकिन कुछ लोगों ने देश की जड़ों को खोखला करने का काम किया। लेकिन अब भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के रूप में तीन रत्न मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरू था और विश्व गुरू बनेगा। क्योंकि आज हमारे राजनेता देश का विकास करने तथा इसका गौरव बढ़ाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं और लगातार राष्ट्रहित में काम कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं का आह्वान किया कि वह नशें से दूर रहें। माता-पिता की सेवा करें, असहाय का सहयोग करें, जीवन में दृढ़ अनुशासन की पालना करें तथा अपने अंदर की देशभक्ति की भावना का विकास करें। निश्चित रूप से देश बुलंदियों को छुएगा। इस दौरान उन्होंने देवी प्रसंग गोयल को राष्ट्रीय सनातन महासंघ का तीन वर्ष का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का इतिहास बलिदानियों की गौरव गाथाओं से भरा पड़ा है। यहां गुरू गोविंद सिंह सरीखे देशभक्तों ने भारत माता के लिए अपने बच्चों तक की कुर्बानियां देकर भारत मां के मस्तक को कभी नहीं झुकने दिया। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह राष्ट्रीय सनातन महासंघ द्वारा बताए गए पंच सूत्रिएं कार्यक्रम पर चलकर राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने राम मंदिर का निर्माण करवाया तथा धारा-370 को हटाकर देश को मजबूत करने का काम किया। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, राज्य सभा सांसद डीपी वत्स, विधायक विनोद भयाना, भाजपा के जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र सिंह वीरचक्र, मेयर गौतम सरदाना, नवीन गोयल, मुख्यमंत्री की ओएसडी अनिता कुंडू, गायत्री यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## 3 राज्यों में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर से मुलाकात करके उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट करने के उपरांत तरुण जैन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि तीनों राज्यों की भांति लोकसभा व हरियाणा विधानसभा में भी भाजपा जीत का इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को बखूबी लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक का नारा बुलंद करते हुए जनता के हितों के कार्यों को गति प्रदान की है। तीन राज्यों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने पर भाजपा कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने उत्साहित होकर कहा कि जनता ने भाजपा को विजयी बनाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली और नीतियों का समर्थन करते हैं। अन्य दलों का सफाया करते हुए इन चुनावों से स्पष्ट हो गया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा जीत की हैट्रिक बनाएगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से देश सेवा का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस जीत से उत्साहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता तो इस बार 400 सीट पार का नारा भी देने लगे हैं। जैन ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ किसानों, गरीबों व महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्यान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना सहित जनकल्याण की अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमारा देश सामरिक दृष्टि से भी सशक्त हुआ है। अब किसी दुश्मन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देख सके। कोषाध्यक्ष ने कहा कि अपनी निष्ठा, लगन व देशहित की नीतियों के चलते नरेंद्र मोदी जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं। भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उनके निर्णयों की सराहना होती है।

## विश्व विजयी बनने के लिए युवाओं को रखना होगा नशे से दूर : पूनम नागपाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** आज नारी नारायणी फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी के हिसार के जी जे यू के सभागार में आयोजित युवा सम्मेलन में पहुंचने पर हार्दिक अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी धर्मदेव जी महाराज के द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता महापौर गौतम सरदाना जी की रही। कार्यक्रम का मुख्य विषय युवाओं में देशभक्ति की भावना, नशा मुक्ति,मातृ पितृ वंदन तथा दृढ़ अनुशासन रहा। संस्थापिका पूनम नागपाल व प्रधान गुंजन गोयल ने बताया कि इस सुंदर आयोजन के लिए हम सभी आयोजकों का धन्यवाद करते हैं तथा बताया कि संस्था के द्वारा समय-समय पर बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए विभिन्न गतिविधियां जैसे सेल्फ डिफेंस ,गीता श्लोक उच्चारण ,शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है ताकि बच्चे व्यस्त रहे। इस अवसर पर नीलम कक्कड़ ,बबली, मोनिका ललित व अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

## एचएयू का 3 दिवसीय सम्मेलन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** एचएयू के कुलपति प्रो बीआर कंबोज ने कहा कि तीन दिवसीय सम्मेलन में कृषि के जवलंत मुद्दे भूमि को बचाने,खादय प्रदार्थों को सुरक्षित करने,पानी के बचाव और खाद का प्रयोग सहित पर चर्चा की जाएगी। इसमें करीब 15 देशों के कृषि वैज्ञानिक भाग ले रहे है। किसान फसल अवशेष को जलाते है। लेकिन किसान भाई फसल अवशेष को जमा अगर इकट्ठा करे तो उससे किसानों को पैसा भी मिल सकता है। इस विषय पर कई योजना केंद्र व हरियाणा का ला रही है।













## पीडीयूआईआईसी एवं ई-क्लब ने किया उद्यमिता पर सेमिनार का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के एंटरप्रेन्योरशिप क्लब के सहयोग से 'मेरी कहानी - सफल उद्यमी द्वारा प्रेरणा सत्र' कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए पीडीयूआईआईसी को बधाई दी। कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी प्रतिभागियों को आमंत्रित उद्यमियों से अधिकतम सीखने की अपील की। केएमए टेक्नोवेयर प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक निदेशक कुलदीप अयालकी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. विशाल गुलाटी ने की। संचालन प्लेसमैंट एवं संस्थागत नवाचार परिषद (आईआईसी) के सदस्य प्रताप सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता कुलदीप अयाल्की ने अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों से अपनी उद्यमशीलता यात्रा साझा की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे शुरुआत करें, बाजार में अपनी जगह कैसे बनाए, कंपनी के लिए ग्राहक कैसे जोड़ें तथा कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी से एक आईटी फर्म के निदेशक तक की यात्रा के दौरान उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उद्यमिता में दृढ़ता, लचीलापन और अनुकूलनशीलता तीन चीजें आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों छात्रों को सफल उद्यमी बनने के लिए समान रुचि वाले लोगों और पूर्व विद्यार्थियों से जुडऩे की सलाह भी दी। उन्होंने उद्यमिता में सफलता पाने के लिए टीम वर्क के महत्व को भी रेखांकित किया। केएमए टेक्नोवेयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधन सलाहकार मनमोहन ने विद्यार्थियों को गलतियों की पहचान कर उनसे सीखने के लिए निर्देशित किया। सत्र के बाद प्रश्न उत्तर सत्र का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत यूनिवर्सिटी कुलगीत से हुई, जिसके बाद प्लेसमेंट निदेशक एवं आईआईसी के सदस्य प्रताप सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. विशाल गुलाटी ने उद्यमिता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता का मतलब रचनात्मक होना, समस्याओं को हल करना और अनुभवों से सीखना है, चाहे वे सफलताएं हों या चुनौतियां। उन्होंने आगे कहा कि उद्यमी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने और नए उत्पादों व सेवाओं को बाजार में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उद्यमिता क्लब समन्वयक रोशनी व संयुक्त समन्वयक ध्रुव ने कोर टीम के सदस्यों राशि, राज कुमार, निशांत, युग व अरुण के साथ पूरे कार्यक्रम का समन्वय किया।

## विराट संत सम्मेलन 10 से 14 दिसंबर तक देवी भवन में होगा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** अखिल भारतीय सोऽहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वाधान में 39 वां विराट संत सम्मेलन स्थानीय देवी भवन में स्थित नए भवन में 10 दिसंबर से 14 दिसंबर तक बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी में संस्था के प्रमुख कार्यकर्ता राकेश गर्ग ने बताया कि,परम् पूज्य अनन्त श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज वृन्दावन वालों की सत्यप्रेरणा व उन्ही के कृप्यापात्र सोऽहम पीठाधीश्वर अनन्त श्री विभूषित स्वामी श्री सत्यानंद महाराज जी की अध्यक्षता में 10 दिसम्बर से 14 दिसंबर तक आयोजन किया जा रहा है। विराट संत सम्मेलन में कई प्रदेशों से विख्यात त्यागी,तपस्वी,और विद्वान संतो की विशेष उपस्थिति रहेगी। राकेश गर्ग ने बताया कि 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर बाद 2 बजे से 2-30 बजे तक महिला संकीर्तन होगा, 2-30 बजे से सायं 5 बजे तक प्रवचन का कार्यक्रम रहेगा।इसके अलावा 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रवचनों का कार्यक्रम रहेगा।इसके अलावा सम्मेलन में आए संतो के लिए प्रतिदिन शुद्ध भंडारे का आयोजन भी रहेगा। इस मौके पर संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रह कर अपनी सेवाएं देगें।

## राजस्थान विधानसभा का ताला खोलने गई चाबी को लगा जंग : मनोज राठी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने कहा है कि शोरूम से खोखा बनी जन नायक जनता पार्टी की चाबी को अब जंग लग चुका है। राजस्थान विधानसभा का दरवाजा अपनी चाबी से खोलने का दावा करने वाले जजपा नेता अब जनता से मुंह छिपाते घूम रहे हैं और इस पार्टी की स्थिति हास्यास्पद हो गई है। विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मनोज राठी ने कहा कि हरियाणा की तरह जजपा राजस्थान में डिप्टी सीएम का पद प्राप्त करना चाहती थी लेकिन वहां की जनता ने इन्हें दिखा दिया कि जो अपने प्रदेश व परिवार का नहीं हो सकता, वह किसी दूसरे प्रदेश का कैसे हो सकता है। जजपा की हालत अब ऐसी हो गई है वह प्रदेश की जनता को जवाब देने की हालत में भी नहीं है। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल ने इनेलो के रूप में बड़ा शोरूम स्थापित किया था, लेकिन आगे चलकर यह शोरूम दुकान के रूप में बदल गया और अब इनेलो व जजपा के रूप में दो खोखे बन गए हैं, जिनसे जनता को कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि जजपा के नेता बहुत ज्यादा महत्वाकांक्षी है और इसी के चलते जजपा के लोग हरियाणा में भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़कर सत्ता के लिए भाजपा की गोद में बैठ गए और किसानों पर अत्याचार करवाया, जिसे हरियाणा के किसान भूल नहीं पाएंगे। मनोज राठी ने कहा कि जजपा का राजस्थान चुनाव में जाना केवल एक बहाना था और ये भाजपा के इशारे पर वहां के जाट नेता हनुमान बैनीवाल को राजनीतिक नुकसान पहुंचाने के लिए चुनाव लड़ने गए थे। वरना ऐसे कैसे हो सकता है कि भाजपा का एक सहयोगी दल उसके साथ हरियाणा में सत्ता का भागीदार हो और राजस्थान में उसके खिलाफ चुनाव लड़े। यह सब भाजपा के इशारे पर खेला गया खेल था। इस खेल में भाजपा ने भले ही राजस्थान में बहुमत हासिल कर लिया हो लेकिन जजपा की चाबी को भी जंग लग गया है। अब इनकी चाबी न तो राजस्थान में काम करेगी और न ही हरियाणा में। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हरियाणा की जनता भी इन्हें राजस्थान की तरह धूल चटा देगी।

## जानवरों व बेसहारा पशुओं के लिए श्री श्याम सेवा जीव-जंतु फाउंडेशन ने किया सेवा कार्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** बेसहारा पशुओं, जानवरों व वन्य प्राणियों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था श्री श्याम सेवा जीव-जंतु फाउंडेशन ने सेवा प्रकल्प के तहत सेवा कार्य किया। धांसू रोड पर डीयर पार्क के आसपास के क्षेत्र में श्री श्याम सेवा जीव-जंतु फाउंडेशन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामग्री उपलब्ध करवाई। इस क्षेत्र में काफी संख्या में बंदर, मोर, बेसहारा गाय, नंदी, कुत्ते व अन्य जानवर विचरण करते हैं। इन सभी पशुओं व जानवरों को भूने चने, मखाने, मूंगफली, ब्रेड, केले, पपीता, चीकू, हरा चारा व बिस्कुट आदि सेवा भाव से उपलब्ध करवाए गए। श्री श्याम सेवा जीव-जंतु फाउंडेशन के प्रधान सुरेंद्र बागड़ी, दीपक गर्ग झज्जर वाले व जगदीश तायल ने बताया कि इस सेवा कार्य के दौरान गजानंद गर्ग, अतुल बागड़ी, कृष्ण सैनी, सुमित वर्मा, जगदीश वर्मा, रामबीर सैनी, प्रतीक बंसल, सत्यवान, अतुल तारा नगर, पुरुषोत्तम, नरसीराम, प्रवीन बंसल, सौरभ गोयल, पवन गोयल, गोपाल, जतिन व कृष्ण सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सभी साथियों ने बैठक करके आगामी सेवा कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर श्रीराम, बजरंग बली व राधेकृष्ण का जयघोष करके वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर श्री श्याम सेवा जीव-जंतु फाउंडेशन के साथ अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं भी मिलकर सेवा कार्य करती हैं।

## दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में सेवार्थ भाव से 19 जरूरतमंद लोगों के निशुल्क नेत्र ऑपरेशन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** स्वास्थ्य सेवाओं व दिव्यांग बंधुओं को निशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में सेवार्थ भाव से 19 जरूरतमंद लोगों के नेत्र ऑपरेशन किए गए। अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की। इस दौरान दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सीए रामनिवास अग्रवाल, जगमोहन व मांगेराम गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल व सचिव एडवोकेट राजेश जैन ने बताया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में समाजसेवियों के सहयोग से समय-समय पर निशुल्क नेत्र ऑपरेशन किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र जांच, नेत्र चिकित्सा व नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नशे के खिलाफ चलाई जागरूकता यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## यात्रा के दौरान नशें के दुष्प्रभावों बारे ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए आयोजित की जाएगी सभाएं



जागरूकता यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से सामाजिक संस्था सर्व कल्याण मंच द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जागरूकता यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने नशे की रोकथाम हेतु संस्था द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा के माध्यम से सर्व कल्याण मंच संस्था द्वारा समाज को नशा करने से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा और लोगों की जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न गांवों में पहुंचकर इस यात्रा के तहत लोगों को नशें के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए वार्ता सभाएं भी आयोजित की जाएंगी। सर्व कल्याण मंच के नेतृत्व में चलाई जा रही इस जागरूकता यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सचेतता बढ़ाना है। नशे के प्रभावों को समझाने और उनसे बचाव के लिए सकारात्मक कदम उठाने के लिए मंच द्वारा गाँवों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे के हानिकारक प्रभावों से बचने के जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी इस तरह के कार्य करने की अपील की गई। इस अवसर पर सर्व कल्याण मंच के सयोंजक नवीन कौशिक ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मंच के सदस्यों द्वारा प्रदेश के दस जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक भलाई के कार्य किये जा रहे हैं। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर शहरी एवं निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता, मंच के पदाधिकारी सुभाष ढ़िगाना, विष्णु गढ़वाल, सनी शर्मा, भारत, संदीप राइका सहित मंच की टीम उपस्थित थी।

## इस माह पांच की बजाए सात दिसंबर को होगी ऊर्जा मंत्री की बिजली पंचायत

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह हर महीने की पांच तारीख को स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए बिजली पंचायत का आयोजन करते है। ऊर्जा मंत्री के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस बार बिजली पंचायत का कार्यक्रम पांच की बजाए सात दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें ऊर्जा विभाग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और आम जनमानस की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा।

Host your functions in
Largest Airconditioned Banquet of Haryana (12000 sq.ft.)
Midtown GRAND
BANQUETS ✦ CONFERENCES ✦ ROOMS
Contact : Vikas Aggarwal 98960-85200
Reception : 98960-06900, 99960-04411

## विद्या देवी जिंदल स्कूल ने सीबीएसई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** 24 से 30 नवंबर तक एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल में आयोजित अंडर-19 सीबीएसई राष्ट्रीय गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट में विद्या देवी जिंदल स्कूल की अंडर-19 गर्ल्स फुटबॉल टीम ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली भारत की 17 टीमों और संयुक्त अरब अमीरात की 3 अंतर्राष्ट्रीय टीमों में से, हमारे विद्यालय की अंडर-19 गर्ल्स टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक प्राप्त किया। यह उपलब्धि हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के समर्पण एवं कौशल को दर्शाती है। टीम की गोलकीपर ऋषिका नंदन ने अपनी प्रतिभा का असाधारण प्रदर्शन करते हुए हमें गौरवान्वित किया। ऋषिका की इस उपलब्धि ने न सिर्फ़ टीम को रजत पदक दिलवाया अपितु उसके इस प्रदर्शन के कारण उसे सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के खिताब से नवाजा गया। यह प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा का एक मंच था जिसमें विद्यालय की फुटबॉल टीम ने सराहनीय टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लों ने सभी खिलाड़ियों एवं टीम के कोच संदीप क्षत्रिय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गुमशुदा सूचना

प्रियादिवा मलिक पुत्री सुरेंद्र कुमार निवासी राजदरबार स्पेश सेक्टर-24 हिसार का दसवीं का प्रमाणपत्र गुम हो गया है। किसी को भी यह प्रमाणपत्र मिले तो मोबाइल नंबर 97293-77250 या संबंधित पत्ते पर संपर्क करें।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

### जिले की विभिन्न चार परियोजनाओं के जमीन संबंधी विषयों पर किया गया विचार-विमर्श



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 4 दिसम्बर :** मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री की घोषणाओं की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हिसार जिले में मार्केटिंग कमेटी से जुड़ी चार परियोजनाओं के जमीन संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने मुख्य सचिव को अवगत करवाया कि जिले की विभिन्न परियोजनाओं जिसमें खरीद केंद्र सब-यार्डों हेतु गांव श्यामसुख व हसनगढ़ भूमि खरीद संबंधी कार्यों पूर्ण किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त गांव घिराए में सब-यार्ड के अपग्रेडेशन के लिए भूमि संबंधी कार्य अभी प्रक्रियाधीन हैं। बैठक में मार्केट कमेटी बोर्ड से एक्सईएन आनंद भी उपस्थित थे।

डा. प्रीति जैन
MBBS, MS
पूर्व सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ
जिन्दल हस्पताल, हिसार
स्त्री रोग व अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सुविधाएँ :-
Laproscopic Operations
बच्चेदानी, रसौली व अण्डेदानी की गांठ निकालना
Hysteroscopic Operations
बच्चेदानी की गांठ व जाला निकालना
Colposcopy
बच्चेदानी के मुँह के कैंसर की जाँच
निःसंतानता से सम्बधित ऑप्रेशन
For Appointment Please Call :
HOSPITAL 9996902728
GYNAE 9813347766
GOBIND NURSING HOME
120, Het Ram Road,
Opposite Jat College Road, Hisar, 125001

त्यौहारों का सीजन : हेयर ट्रांसप्लांट आकर्षक पैकेज में एवं ओपीडी डिस्काउंट 300/- की बजाय मात्र 200/-
एनसीआर व हिसार क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हेअर सोसायटी के मेम्बर
डॉ. विक्रम नटराज गोयल
MBBS, MS, M.Ch Plastic Surgery, Ahmedabad, Fellow U.S.A.
सौंदर्य SKIN, BURNS, HAIR TRANSPLANT, LASER & PLASTIC SURGERY CENTRE
दिल्ली, चण्डीगढ़, जयपुर वाला ईलाज अब हिसार में उपलब्ध
BURNS, जले हुए मरीजों का आधुनिक ईलाज (आई.सी.यू.) सुविधा उपलब्ध
बालों का झड़ना, पतला होना, अनावश्यक गंजापन, हेयर ट्रांसप्लांट, कॉस्मैटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी संबंधित परामर्श/इलाज उपलब्ध
बुकिंग : पहले आओ-पहले पाओ
अखबार की प्रति लायें-विशेष छूट पायें
गोयल हस्पताल
मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा उपलब्ध
Dabra Chowk, Opp. Saraswati Provisional Store
Nirankari Bhawan Road, Hisar
Ph.: 01662-248105, 89012-10825, 09812130025

